SHREE RAM PROTEINS LTD.
Reg Off: B-206, The Imperial Heights, Opp. Big Bazaar, 150 Ft. Ring Road, Rajkot-360005, Gujarat, INDIA. Ph. +91 281 2581152
Fact : Survey No. 54 P, N.H. 8 B, Nr. Pan Agri Exports At. Bhunava, Ta. Gondal, Dist. Rajkot - 360311, Gujarat (INDIA) Ph.: +91 2825 280634 / 35 | Fax. +91 7878036500
E-mail: shree_ramcotton@yahoo.com, info@shreeramproteins.com
web: www.shreeramproteins.com Corporate Identity Number (CIN): L 01405GJ2008PLC054913

**Date: October 04, 2022**

To,
**Listing Department**
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, C-1, Block-G
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai-400051

**Dear Sir/Madam,**

**Subject: Update under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

***Ref: Shree Ram Proteins Limited (SYMBOL: - SRPL)***

In terms of Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, and in reference to our intimation dated March 05, 2022 and intimation dated June 28 2022, w.r.t diversifying Companies operations and setting up a new oil refinery. We wish to inform you that our company has started retail marketing office and outlets in West Bengal, Jharkhand and Assam and started the selling of Product Mustard oil under the own brand name **Bhagyalaxmi.®** Company is also planning to sell Groundnut Oil, Sunflower oil, Rice bran Oil, Cotton oil etc. under the brand name of **"Bhagyalaxmi®"** The Company is also planning to sell Bulk Tea under Brand name of **Bhagyalaxmi** within span of Six Month across pan India.

Further Company will start marketing randomly across Pan India.

You are requested to kindly take the aforesaid information on your record and oblige us.

Thanking you,

Yours faithfully,
**For, Shree Ram Proteins Limited**

BHADANI BHUPENDRA KANJIBHAI
Digitally signed by BHADANI BHUPENDRA KANJIBHAI
Date: 2022.10.04 13:08:50 +05'30'

**Bhupendra Kanjibhai Bhadani**
**Company Secretary & Compliance officer**
**Membership No: A20470**

**Encl:- A/a**

# निवेशकों के भाग्य में लक्ष्मी का प्रवेश होगा 'श्री राम प्रोटिन्स लि.' के ब्राण्ड 'भाग्यलक्ष्मी' से

प्रगतिशील उद्यमी



## सालाना बिक्री 300 करोड़ से बढ़कर होगी 600 करोड़ रुपये

राजकोट आधारित प्रमुख कमोडिटी कंपनी 'श्री राम प्रोटिन्स लि.' ने बीटूबी मॉडल के साथ बीटूसी मॉडल को अपनाया है। अब कंपनी ब्राण्ड के साथ सीधे ग्राहकों तक पहुंचने का प्रयास करेगी। जल्द ही कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 'भाग्यलक्ष्मी' ब्राण्डनेम से एडिबल रिफाइंड ऑयल और चाय शामिल हो जायेंगे। कंपनी प्रबंधन को उम्मीद है कि रिफाईनरी शुरू होने और चाय का कारोबार शुरू होने से कंपनी की सालाना बिक्री 300 करोड़ रुपये के स्तर से बढ़कर करीब 600 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। इस संदर्भ में बिजनेस रेमेडीज ने कंपनी के विजनरी प्रवर्तक ललित कुमार वसोया से कंपनी की नई कारोबारी गतिविधियों के संबंध में जानकारी हासिल की।

### कंपनी की शुरुआत और कारोबारी गतिविधियां

श्री राम प्रोटिन्स लिमिटेड का इनकॉर्पोरेशन वर्ष 2008 में हुआ था। श्री राम समूह का कारोबारी शुरुआत करने का उद्देश्य कॉटन सीड सोल्वेंट एक्सट्रैशन प्लांट स्थापित करना और कॉटन सीड, कॉटन सीड ऑयल केक, कॉटन प्रोसेसिंग, लिंटर, डी-लिंटर का कारोबार करने के साथ उनका निर्यात और आयात करना था। कंपनी को अनुभवी प्रवर्तकों द्वारा स्थापित किया गया था। वांछित नतीजे हासिल करने के लिए कंपनी द्वारा 400 एमटीपीडी क्षमता का प्लांट स्थापित किया गया। वर्तमान में कंपनी निम्न उत्पादों को तैयार कर रही है।

**कॉटन लिंटर (नरमा):** कंपनी अपने ग्राहकों को 100 प्रतिशत शुद्ध और प्राकृतिक कॉटन लिंटर (नरमा) मुहैया करवाती है। कंपनी का लिंटर पेपर निर्माण में मुख्य रूप से काम आता है।

**कॉटन सीड मील:** कंपनी की निर्माण इकाई में कॉटन सीड मील हैक्जन सॉल्वेंट तकनीक से निर्मित होता है।

**कॉटन सीड हुल:** (चूरी): कॉटन सीड हुल यानि की कपास चूरी में प्रोटिन, केल्सियम, फोस्फोरस और एनर्जी की मात्रा कम होती है जबकि फाइबर की मात्रा अधिक होती है।

**कॉटन सीड वॉश ऑयल:** कंपनी कॉटन सीड वॉश आयॅल प्राप्त करने के लिए एक्सपेन्डर प्रणाली को इस्तेमाल कर रही है।

**कॉटन सीड रिफाइन ऑयल:** कंपनी प्रमुखता से कॉटन सीड रिफाइन ऑयल का निर्माण कर रही है। यह खाद्य तेल के रूप में काम आता है। सोयाबीन **मील:** सोयाबीन मील खाद्य पदार्थ और पशु खाद्य पदार्थ के रूप में काम आता है। यह हाई प्रोटिन उत्पाद है। यह उत्पाद इंडस्ट्रीयल ऑयल, बॉयो डीजल और साबुन निर्माण में काम आता है।

**सरसों ऑयल:** कंपनी सरसों की प्रोसेसिंग भी कर रही है। कंपनी में सरसों ऑयल के साथ सरसों खली का निर्माण भी प्रमुखता से हो रहा है।

### कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन

श्री राम प्रोटिन्स लिमिटेड ने 31 मार्च,2022 को समाप्त वित्त वर्ष एवं तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किये हैं। 31 मार्च,2022 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने 152.68 करोड़ रुपये के मुकाबले 288.55 करोड़ रुपये का कुल राजस्व अर्जित किया है। उक्त अवधि में कंपनी ने गत वित्त वर्ष में अर्जित 84.45 लाख रुपये के मुकाबले 6.15 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 31 मार्च,2022 को समाप्त तिमाही में कंपनी ने 98.43 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर 2.29 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 31 मार्च,2022 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने 0.39 रुपये के मुकाबले 2.87 रुपये का ईपीएस हासिल किया है। जून,2022 में कंपनी ने 52.25 करोड़ रुपये का कुल राजस्व एवं 1.36 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्तीय परिणामों के संबंध में वसोया ने बताया कि दशहरा के बाद से कंपनी की बिक्री में तेजी आयेगी। अक्टूबर माह के बाद से कंपनी का कारोबार प्रतिमाह 2 से 5 गुना हो जाता है। कंपनी प्रबंधन आश्वस्त है कि वित्त वर्ष 2023 के अंत तक कंपनी 300 करोड़ रुपये के राजस्व का आंकड़ा छू लेगी।

### कंपनी के विजनरी प्रवर्तक


ललित कुमार वसोया

ललित कुमार वसोया श्रीराम प्रोटिन्स लिमिटेड के प्रवर्तक और प्रबंध निदेशक हैं। वें कंपनी के बोर्ड में 29 अगस्त, 2008 से हैं। वें सक्रियता से कंपनी का प्रशासनिक और वित्तीय प्रबंधन संभाल रहे हैं। पियूष वसोया कंपनी में गैर कार्यकारी निदेशक हैं और कंपनी के बोर्ड में 26 अगस्त,2017 से हैं। वें कई वर्षों से कॉटन जिनिंग और स्पीनिंग बिजनेस में कार्यरत हैं। वें कंपनी में मार्केटिंग व बाजार के अन्य कार्यों को संभालते हैं। हाल ही में डिफेंस एवं एमएनसी कंपनियों में 36 वर्षों का वृहद अनुभव रखने वाले रविन्द्र कुमार सिंह ने कंपनी का अतिरिक्त गैर-कार्यकारी निदेशक का पद संभाला है। उनके कुशल मार्गदर्शन में कंपनी वार्षिक व्यापार योजना क्रियान्वित कर रही है।


पियूष वसोया


रविन्द्र कुमार सिंह

### रिफाईनरी से होगा वेल्यू एडिशन

कंपनी प्रवर्तक ललित कुमार वसोया ने बताया कि कंपनी आंतरिक उपार्जन के आधार पर करीब 26-27 करोड़ रुपये का निवेश करके ऑयल रिफाईनरी स्थापित कर रही है। इस नये बिजनेस सेगमेंट के लिये कंपनी ने रिफाईनिंग प्लांट का ऑर्डर दे दिया है। प्लांट में कॉमर्शियल प्रोडक्शन जनवरी,2023 में शुरू होने की संभावना है। नये रिफाईनरी प्लांट से कंपनी रेपसीड ऑयल, कॉटन सीड ऑयल, ग्राउंड नट ऑयल व सनफ्लावर ऑयल इत्यादि अपने पंजीकृत ब्रांडनेम 'भाग्यलक्ष्मी' से देश भर के बाजारों में बेचने में सक्षम होगी।

प्लांट की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 200 मिट्रिक टन होगी। नये रिफाईनरी प्लांट से कंपनी वेल्यू एडिशन में सक्षम होगी। नये प्लांट से कंपनी को उम्मीद है कि कंपनी का राजस्व 600 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू जाएगा। कंपनी का यह प्रोजेक्ट विभिन्न राज्य एवं केन्द्र सरकार की केपिटल एवं ब्याज सब्सिडी व इलेक्ट्रिक ड्यूटी में छूट प्राप्त करने के लिये भी योग्य है।

### चाय बिजनेस में कंपनी ने किया डायवर्सिफिकेशन

इसके साथ ही कंपनी ने आसाम के सिलचर में 35 करोड़ रुपये के निवेश से 1000 एकड़ क्षेत्रफल का चाय बागान अधिग्रहित किया है। वसोया के अनुसार करीब 6 माह में कंपनी चाय की बल्क बिक्री शुरू कर देगी।

शुरुआत में कंपनी चाय पत्ति की बिक्री करेगी और निकट भविष्य में चाय प्रोसेसिंग इकाई स्थापित करेगी। कंपनी प्रबंधन को उम्मीद है कि चाय संबंधित कारोबारी गतिविधियों से कंपनी प्रतिमाह 5 से 7 करोड़ रुपये की बिक्री का अनुमान लगा रही है। कंपनी को निर्यातकों से चाय आपूर्ति के लिए पूछताछ प्राप्त हो रही है। ललित कुमार वसोया ने कहा कि कंपनी अपने ब्राण्डनेम 'भाग्यलक्ष्मी' से चाय की बल्क सेलिंग पूरे भारत में करेगी। वहीं कंपनी का फोकस पश्चिम बंगाल और दक्षिण भारत में राज्यों में कारोबार बढ़ाने पर रहेगा। वसोया ने बताया कि चाय कारोबार में कंपनी को 20 फीसदी की दर से कर पश्चात शुद्ध लाभ हासिल किया है।

### कंपनी की भावी योजना

डिस्काउंट पर उपलब्ध कंपनी का शेयर: जून तिमाही में कंपनी के वित्तीय परिणाम में हल्की गिरावट दर्ज की गई थी। इस संबंध में वसोया ने बताया कि अप्रेल से दशहरा तक बिक्री कमजोर रहती है और दशहरे के बाद मासिक बिक्री में 2 से 5 गुना तक की बढ़त आती है। पिछले 6 माह में कंपनी का शेयर 134.15 रुपये के उच्चत्तम स्तर से करीब 30 फीसदी गिरकर 83 रुपये पर कारोबार कर रहा है। डिस्काउंट पर अगर निवेशक कंपनी के शेयर में निवेश करते हैं तो निवेशकों को अच्छा फायदा हो सकता है।

**नोट: निवेशकों को कंपनी के शेयर में निवेश करने से पूर्व पंजीकृत निवेश सलाहकार से सलाह लेनी चाहिये।**

